ख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज दुर्गसिह बनाम सरकार धारा 136 प्रकरण सख्या 77/2022	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
.2023	राजस्व विविध प्रार्थना पत्र सख्या 77/2022 दुर्गसिह बनाम सरकार अन्तर्गत धारा 136 भू.राजस्व अधिनियम रेकर्ड दुरस्ती हेतु प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र पेंश किया गया जो दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस प्रेषित कर जॉच रिपोर्ट मंगवाई गई। बहस प्रार्थना पत्र पर सुनी गई। प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता अपने प्रार्थना पत्र मे तथ्यो को दोहराया गया। एवं सरहद मौजा ग्राम खाराबेरा पुरोहितान् तहसील लुणी के खसरा नम्बर 466 रकबा 0.7560 हैक्टर व खसरा सख्या 466/7 रकबा 0.8061 हैक्टर बारानी चतुर्थ के स्थान पर खसरा नम्बर 466 रकबा 0.9178 हैक्टर व खसरा नम्बर 466/7 रकबा 0.6443 हैक्टर राजस्व रेकार्ड मे दर्ज करने का निवेदन किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया । जिसमे तहसीलदार लूणी से जबाव/मय रिपोर्ट हेतु तहरीर जारी की गई तहसीलदार लूणी के पत्र क्रमाक/भू.अ/2022/4252 दिनाक 30.12.2022 के तहत जॉच रिपोट प्राप्त हुई। जिसमे तहसीलदार द्वारा. ग्राम खाराबेरा पुरोहितान की जमाबन्दी संवत 2076–2079 के खाता सख्या 186 मे ख,नम्बर 466 रकबा 4–13–08 बीधा एव खसर नम्बर 466/7 रकबा 4–19–12 बीधा दर्ज होना बताया गया तथा मौके पर खसरा नम्बर 466 रकबा 5–13 बीधा एव खसरा नम्बर 466/7 रकबा 4–00 बीधा होना बताया गया है। अत– प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 के स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है तहसीलदार लूणी को आदेश दिया जाता है कि ग्राम खाराबेरा पुरोहितान के खसरा नम्बर 466 रकबा 0.7560 हैक्टर व खसरा सख्या 466/7 रकबा 0.8061 हैक्टर बारानी चतुर्थ के स्थान पर खसरा नम्बर 466 रकबा 0.9178 हैक्टर व खसरा नम्बर 466/7 रकबा 0.6443 हैक्टर राजस्व रेकार्ड मे दर्ज किया जावे। तहसीलदार लूणी को तहरीर जारी हो पत्रावली फेसल शुमार होकर दफ्तर दाखिल हो। **सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,** **लूणी** कार्यालय उपखण्ड मजिस्ट्रेट (लूणी)	

Scanned by CamScanner